समाचार

# आयुक्त निकले पैदल, पथर्रीपारा बस्ती की जनसमस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



कोरबा 15 जुलाई 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा में वार्ड पार्षद के साथ जनसमस्याओं को देखने पैदल भ्रमण करते हुए विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, पारों के स्थानीय निवासियों से भेंट मुलाकात कर उनकी साफ–सफाई व नालियों की समस्याओं को सुना तथा तत्काल संबंधित ठेकदार व सफाई कर्मचारियों को 24 घंटे का अल्टीमेटम देकर वहॉं की सफाई के कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोन अंतर्गत पथर्रीपारा का दौरा कर वहॉं की साफ–सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था आदि से जुड़े कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कुछ स्थानों पर गदंगी व कचरा पड़ा होने, समय पर सफाई कार्य पूरा न करने तथा नालियों में कचरे का जमाव देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की, उन्होने संबंधित स्वच्छता पर्यवेक्षक व सफाई कार्य के ठेकेदार को सफाई कार्यो में कसावट लाकर नियमित रूप से सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों से कहा कि निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य हों, नियमित रूप से साफ–सफाई की जाए, नालियों में कचरे का जमाव न हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं। उन्होने स्वच्छता दीदियों से कहा कि

जिन बस्तियों में सकरी स्थानों पर सफाई रिक्शा पहुंच नहीं पाता, उन सकरी गलियों के निवासियों को सिटी बजाकर अवगत कराये कि सफाई रिक्शा आपके घर तक नहीं पहुंच सकता, तथा वे सफाई रिक्शें तक पहुंचकर अपने घरों से निकले हुए कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में ही कचरे को डालें।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्देश देते हुए स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता सुपरवाईजर को कहा कि स्वच्छता दीदियों का उनके घरों तक पहुंचने का एक निश्चित समय निर्धारित हो, जिससे लोगों को यह मालूम हो सके कि लगभग इस समय तक स्वच्छता दीदियों के आने का समयसीमा निर्धारित है, इसके लिए स्वच्छता दीदियों का सुबह समय पर प्रतिदिन निकलने का समय निश्चित हो। भ्रमण के दौरान वार्ड क्. 17 पथर्रीपारा व डबरीपारा की समस्या से स्थानीय पार्षद ने अवगत कराया कि अधिकांश स्थानों पर रात को अंधेरा रहता है, जिसके लिए उन्होने बिजली संबंधी समस्याओं के लिए अधिकारियों से कहा कि जिन स्थानों के स्ट्रीट लाईट खराब हो, उन्हें तुरंत दुरूस्त कर लगवाने के निर्देश दिये।

**स्वच्छता दीदियॉ ड्रेस कोड पहने** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छता दीदियों से कहा कि वे ड्रेस कोड पहनकर कचरा लेने के लिए निकले, ड्रेस पहनने से उनका पीछे यह उद्देश्य है कि अब निगम के सफाई या उससे जुड़े कर्मचारी की अलग पहचान हो सके ताकि सफाई या उससे जुड़े कर्मचारी अलग से पहचान बने ताकि लोगों को इसकी पहचान हो सके कि किस कार्य से जुड़े हैं, सफाई कर्मचारी से अधिकारी वर्ग की अलग पहचान हो सके।

**शहर की स्वच्छता में दे सहयोग** – आयुक्त ने भ्रमण के दौरान वार्डो के नागरिकों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं को जाना तथा निगम की साफ–सफाई व्यवस्था में उनके सहयोग व सुझाव का आग्रह किया। आयुक्त ने अपील करते हुए कहा कि घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखें, निगम द्वारा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था बनाई गई, स्वच्छता दीदियॉ आपके घर कचरा लेने के लिए आती हैं, अतः उक्त कचरे को स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही दें। उन्होने अपील की कि कचरे को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर न डालें तथा अपने गली, मोहल्ले व कोरबा शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें।